आई टी एल पब्लिक स्कूल
सामयिक परीक्षा 2 (2024-25)
पुनरावृति कार्यपत्रिका
विषय- हिंदी

दिनांक : दिसंबर 2024 कक्षाः चतुर्थ
समय : 1 घंटा कुल अंक : 20

सामान्य निर्देश-
1) इस कार्यपत्रिका में 2 पृष्ठ, 3 भाग और कुल 5 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

प्रश्न 1	भाग- क दिए गए शब्दों के लिए अनेक शब्द लिखिए। (क) क्षम्य (ख) सदाचारी (ग) सर्वज्ञ (घ) वाचाल	
प्रश्न 2	निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द भरें । (क) राधा ने .... पत्र लिखा। (ख) .... माली ने पेड़ से फल तोड़े। (ग) ....कुएँ से पानी खींचना पसंद है। (घ) .... दीवार बहुत कमज़ोर है।	
प्रश्न 3	रेखांकित संज्ञा के स्थान पर सर्वनाम लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए। (क) माली ने बच्चों को पौधे दिए। (ख) बिल्ली के पैर में चोट लग गई। (ग) मैंने और राम ने सामान खरीदा। (घ) पिताजी ने पिताजी के लिए कुरता खरीदा।	
प्रश्न 4	भाग ख दिए गए गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। एक बार गौतम बुद्ध एक गाँव में गए वहाँ लोग अपनी अलग- अलग परेशानियाँ लेकर उनके पास जाते और उसका हल लेकर खुशी-खुशी वहाँ से लौटते।उसी जगह योगेश नाम का एक गरीब भी बैठा था। जब उसकी बारी आई तो वह बोला कि भगवन इस गाँव में सभी लोग सुखी व प्रसन्न हैं।फिर मैं ही क्यों दुखी व गरीब हूँ? महात्माजी बोले कि तुमने आजतक किसी को कुछ	

	नहीं दिया इसलिए तुम गरीब और दुखी हो। उसने हैरान होकर पूछा- मेरे पास भला दूसरों को देने के लिए है ही क्या? महात्माजी बोले- दूसरों को देने के लिए तुम्हारे पास बहुत कुछ है। तुम्हारी मुस्कुराहट जिससे तुम लोगों में आशा का भाव भर सकते हो। मुख से मीठे बोल बोलकर दूसरों की प्रशंसा कर सकते हो। दो हाथ दिए है जिससे दूसरों की मदद कर सकते हो। ये तीन चीजें जिसके पास हो वे कैसे गरीब हो सकता है। योगेश को गौतम बुद्ध की सारी बात समझ आ गई और वह अब गरीब नहीं रहा । (क) लोग गौतम बुद्ध के पास क्यों आते थे ? (ख) योगेश की बारी आने पर उसने क्या पूछा? (ग) महात्मा जी ने किन तीन चीजों के बारे में बताया? (घ) लोगों में आशा का भाव कैसे भर सकते हैं? (ङ) निम्न शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश मे से ढूँढकर लिखिए। कड़वे ____________ अमीर ____________	
प्रश्न 5	भाग ग निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (क)कविता 'कौन?' में बहुत से नुकसान गिनाए गए हैं।तुम्हारे हिसाब से कौन-सा नुकसान सबसे बड़ा है और क्यों ? (ख) कवि ने चूहे को कबाड़ी क्यों कहा है? (ग) कंजूस राजा के पास किस प्रकार के लोग आते थे? (घ) राजा से सहायता माँगने आए लोग निराश क्यों हो गए? (ङ) शब्द अर्थ लिखिए। (क) प्रकोप (ख)राहत	